

# क्या मैं यह कर सकता/ती हूँ? क्या मैं यह नहीं कर सकता/ती हूँ?

कैंप फायर और बारबेक्यू

CONSERVATION REGULATOR VICTORIA

Hindi | हिन्दी



# कैंपफायर आसानी से फैल सकती है और इसके फलस्वरूप बुशफायर (जंगल की आग) शुरू हो सकती है

- विक्टोरिया के जंगलों और पार्कों में जाने से पहले कैंपफायर और बारबेक्यू के नियमों को समझ लें।
- कैंपिंग के दौरान खाना पकाने के लिए लकड़ी के अलावा अन्य ईंधन का उपयोग करने के बाऱ्र में सोचें।
- आपका कैंपफायर आपकी जिम्मेदारी है। कानूनी रूप से यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप यह सुनिश्चित करें कि कैंपफायर सुरक्षित है, इससे आग नहीं फैलती है और आपके स्थान छोड़कर जाने से पहले इसे पूरी तरह से बुझा दिया जाता है।

# जाने से पहले

- एक **बाल्टी** पैक कर लें।
- सुनिश्चित करें कि आपको **पानी** मिल सके।
- **मौसम और आग के खतरे की रेटिंग्स** की जाँच करें।
- पता करें कि आप जहाँ जा रहे हैं क्या वहाँ आग जलाने पर **पूर्ण रूप से प्रतिबंध (टोटल फायर बैन)** तो नहीं है।

# कैंपसाइट पर पहुँचना

## अपनी कैंप फायर बनाना

- जहाँ उपलब्ध हो, वहाँ **निर्धारित फायरप्लेस** का उपयोग करें।
- पोर्टेबल फायरपिट का भी उपयोग किया जा सकता है, नेशनल पॉर्क (राष्ट्रीय उद्यानों) के अलावा जहाँ कैंप फायर का प्रयोग केवल निर्धारित फायरप्लेस में ही किए जाने की अनुमति है।
- सुनिश्चित करें कि कैंप फायर या **निर्धारित फायरप्लेस के 3 मीटर** के दायरे में (इसके ऊपर और आसपास सहित) कोई भी ऐसी चीज़ न हो जिसमें आग लग सकती हो।
- आग का स्तर छोटा रखें। आपकी आग (इसके भीतर की लकड़ियों/शाखाओं सहित) का आकार **1 वर्ग मीटर से कम** होना अनिवार्य है।

## पोर्टेबल बारबेक्यू/स्टोव का उपयोग^

- आप ऐसे बारबेक्यू/स्टोव उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं जो इस उद्देश्य के लिए **डिज़ाइन और निर्मित** किए गए हों।
- बारबेक्यू/स्टोव **स्थिर** होना अनिवार्य है (इसके पलटने का खतरा नहीं होना चाहिए)।
- सुनिश्चित करें कि आपके बारबेक्यू के **1.5 मीटर** के दायरे में (उसके ऊपर और चारों ओर) कोई भी ऐसी चीज़ न हो जो आग पकड़ सकती हो।†

^कुछ नेशनल पार्क (राष्ट्रीय उद्यान) क्षेत्रों में इसकी अनुमति है - पुष्टि के लिए Parks Victoria (पार्क्स विक्टोरिया) से संपर्क करें।


†यह आपके कैंपसाइट पर चल रहे किसी भी जनरेटर पर भी लागू होता है।

# आपके कैंपिंग करने के दौरान

- एक ज़िम्मेदार वयस्क को हर समय कैंपफायर या बारबेक्यू पर **नज़र रखनी होगी**।
- **अगर गर्मी हो या तेज़ हवा चल रही हो, तो** कैंपफायर या बारबेक्यू न जलाएं।
- अगर आप किसी भी कारण से कैंपसाइट छोड़कर चले जाते हैं, तो **अपना कैंपफायर बुझा दें - भले ही आप वापस आने की योजना बना रहे हों**।

# कैंपसाइट छोड़कर जाते समय

- अपनी **बाल्टी में पानी भरें** और उसका इस्तेमाल कैंपफायर बुझाने के लिए करें।
- जब छूने पर **राख ठंडी लगे** तो उसे स्थान छोड़कर जाना सुरक्षित होता है।
- **केवल मिट्टी ही पर्याप्त नहीं है** – सही परिस्थितियों में आग जमीन के नीचे कई दिनों तक जलती रह सकती है।




*यह तस्वीर सामान्य उपयोग से संबंधित है, आग जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध वाले दिन के लिए नहीं



अपने कैंप फायर में कांच, एल्युमीनियम, प्लास्टिक, कूड़ा या खाने के बचे हुए टुकड़े **न डालें**। कृपया इन्हें अपने साथ घर ले जाएं।
इन वस्तुओं को अपने कैंपसाइट पर छोड़ना कूड़ा फैलाना है और ऐसा करने पर मौके पर ही जुर्माना लगाया जा सकता है।

# आग लगाने पर संपूर्ण प्रतिबंध वाले दिन (टोटल फायर बैन डेज़)

**आग लगाने पर संपूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों में कैंप फायर की अनुमति नहीं है, जिसमें लकड़ी, ब्रिकेट, हीट बीड्स का उपयोग नहीं करना भी शामिल है।**



- पता करें कि क्या आग लगाने पर संपूर्ण प्रतिबंध लागू है।
- विक्टोरिया एमर्जेंसी हेल्पलाइन **1800 226 226 पर कॉल करें**
- **विक एमर्जेंसी ऐप** डाउनलोड करें या **emergency.vic.gov.au पर जाएं**

## आग लगाने पर संपूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों में बारबेक्यू

आग लगाने पर संपूर्ण प्रतिबंध वाले दिन पर आप स्थायी गैस या इलेक्ट्रिक बारबेक्यू का उपयोग कर सकते हैं यदि वह:

- पत्थर, धातु, कंक्रीट या किसी अन्य **गैर-ज्वलनशील पदार्थ** से बना हो।
- **केवल भोजन पकाने के लिए** डिज़ाइन और निर्मित हो (पोर्टेबल बारबेक्यू सहित)।
- उपयोग करते समय हमेशा **स्थिर स्थिति** में हो।

यह ज़रूरी है कि आप:

- इसका उपयोग केवल भोजन पकाने के लिए करें।
- सुनिश्चित करें कि बारबेक्यू के **1.5 मीटर** के दायरे में आग पकड़ने वाली कोई चीज न हो।
- हर समय बारबेक्यू पर **नज़र रखें** और सुनिश्चित करें कि आवश्यकता पड़ने पर आप उसे बुझा सकें।
- पानी की सप्लाई से जुड़ा एक पाइप या कम से कम **10 लीटर पानी** अपने पास रखें।
- सुनिश्चित करें स्थान छोड़कर जाने से पहले कि बारबेक्यू **पूरी तरह से बुझ गया हो**।

- **बिना निगरानी के छोड़ी गई** कैंपफायर बुशफायर (जंगल में आग) के लगने के सबसे बड़े संभावित कारणों में से एक है।
- अगर हमें कहीं भी बिना निगरानी वाला कैंपफायर या बारबेक्यू दिखाई देता है, तो हम उसे बुझा देंगे।
- अगर हमें कोई कैंपफायर या बारबेक्यू जलता हुआ मिलता है या इसे पूरी तरह से बुझाया नहीं गया है, तो आप पर **जुर्माना लगाया जा सकता है या आपको अदालत में ले जाया जा सकता है**।
- आग को फैलने से रोकना हर व्यक्ति का **कानूनी कर्तव्य** है।

## सूचना स्रोत

- **घर से निकलने से पहले bom.gov.au के माध्यम से लंबे समय तक के मौसम पूर्वानुमान की जाँच करें**
- **आग लगाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध और आग के खतरे की रेटिंग्स के बारे में जानकारी निम्न माध्यमों से प्राप्त करें:**
  - **VicEmergency (विकएमर्जेंसी) हॉटलाइन से 1800 226 226 पर**
  - **emergency.vic.gov.au**
  - **विक एमर्जेंसी ऐप (Vic Emergency App)**

© विक्टोरिया राज्य ऊर्जा, पर्यावरण एवं जलवायु कार्यवाही विभाग 2022. 2026 में अपडेट किया गया

यह कार्य क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन (Creative Commons Attribution) 4.0 ऑस्ट्रेलिया लाइसेंस के तहत लाइसेंसीकृत है। आप इस लाइसेंस के तहत इस कार्य का पुन:उपयोग करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते लेखक के रूप में आप विक्टोरिया राज्य को श्रेय दें। यह लाइसेंस विक्टोरिया के कोट ऑफ आर्म्स, विक्टोरिया सरकार के राज्य-चिह्न और ऊर्जा, पर्यावरण एवं जलवायु कार्यवाही विभाग के चिह्न सहित
किसी भी इमेज, तस्वीरों या ब्रांडिंग पर लागू नहीं होता है। इस लाइसेंस की एक प्रति देखने के लिए, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/ पर जाएँ

ISBN 978-1-76136-159-3 (प्रिंट)

978-1-76136-160-9 (pdf/ऑनलाइन/MS word)

**सुलभता**

यदि आप इस प्रकाशन को अन्य किसी वैकल्पिक प्रारूप में प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया DEECA सेवार्थी सेवा केंद्र को 136186 पर टेलीफोन करें, या **customer.service@delwp.vic.gov.au** पर ईमेल भेजें, अथवा नेशनल (राष्ट्रीय) रिले सेवा के माध्यम से 133 677 **www.relayservice.com.au** पर संपर्क करें। यह दस्तावेज इंटरनेट पर वेबसाइट **www.conservationregulator.vic.gov.au** पर भी उपलब्ध है।

**अस्वीकरण**

इस प्रकाशन से आपको सहायता मिल सकती है, लेकिन विक्टोरिया राज्य और इसके कर्मचारी इस बात की गारंटी नहीं देते हैं कि यह प्रकाशन किसी प्रकार की त्रुटि से मुक्त है या आपके विशिष्ट उद्देश्यों के लिए पूर्णत: उपयुक्त है और इसलिए इस प्रकाशन में दी गई किसी भी जानकारी पर भरोसा करने से पैदा होने वाली किसी भी त्रुटि, हानि या अन्य परिणाम के लिए वे सभी दायित्वों को अस्वीकार करते हैं।

2240 MAR26

**संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना देने के लिए DEECA को 136 186 पर कॉल करें**

**Parks Victoria (पार्क्स विक्टोरिया) से संपर्क करने के लिए 131 963 पर कॉल करें**

**vic.gov.au/unattended-campfires**

FOREST FIRE MANAGEMENT VICTORIA

Parks VICTORIA